दिन–मंगलचार दिनांक– 04 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के सभी पांच सौ बयालीस सीट पर मतगणना जारी है। पोस्टल बैलेट और ईवीएम के मतों की गणना से अब तक मिली जानकारी के अनुसार एनडीए 293 सीटों पर आगे चल रहा है। वहीं, इंडी गठबंधन 233 सीटों पर आगे है। अन्य को अब तक 17 सीट पर बढ़त प्राप्त है। दलों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी 238 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। कांग्रेस 97 सीटों पर आगे है।

वहीं, बिहार की 40 संसदीय सीट में से सभी सीटों के रूझान सामने आ गये हैं। अब तक के रूझानों के अनुसार बिहार में एनडीए 33 सीटों पर आगे है। इंडी गठबंधन को 07 सीटों पर बढ़त हासिल है। भाजपा को अब तक 13 सीटों पर बढ़त प्राप्त है। जदयू के 14 उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं। लोजपा आर. 05, राजद 03, सीपीआई एमएल और कांग्रेस 02–02 सीटों पर तथा हम एक सीट पर आगे चल रहे हैं। इधर, अगिआंव विधानसभा उपचुनाव की मतगणना में भाकपा माले के शिवप्रकाश रंजन जदयू के प्रभुनाथ प्रसाद से लगभग छह हजार मतों से आगे चल रहे हैं।

राज्य के चालीस सीटों में से कई क्षेत्रों के उम्मीदवारों ने निर्णायक बढ़त बना ली है। गया से एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी, मधेपुरा से दिनेश चन्द्र यादव और दरभंगा से एनडीए प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर एक लाख से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं। समस्तीपुर से शांभवी, सुपौल से दिलेश्वर कामेत, पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद भागलपुर से अजय कुमार मंडल, हाजीपुर से चिराग पासवान और बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह ने पचास हजार से अधिक मतों से बढ़त बना ली है।

ताजा जानकारी के अनुसार पटना साहिब से पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद कांग्रेस के अंशुल अविजीत समेत अन्य प्रतिद्वंद्वियों से लगभग 88 हजार मतों से आगे चल रहे हैं।

उजियारपुर से भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय राजद के आलोक कुमार मेहता पर 25 हजार वोट से आगे चल रहे हैं।

आरा सीट पर केंद्रीय मंत्री आर. के सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुदामा प्रसाद से 40 हजार से अधिक वोटों से पीछे चल रहे हैं।

पाटलिपुत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती 33 हजार से अधिक मतों से आगे चल रही हैं।

गया लोकसभा सुरक्षित सीट से पूर्व मुख्य मंत्री जीतन राम मांझी 1 लाख से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं।

नवादा से भाजपा के विवेक ठाकुर 42 हजार मतों से आगे चल रहे हैं।

वहीं, नालंदा सीट से जदयू के कौशलेन्द्र कुमार 53 हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं।

सारण सीट से भाजपा के राजीव प्रताप रूढी राजद की रोहिणी आचार्य से लगभग 14 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं।

काराकाट सीट से सीपीआई एमएल के राजाराम सिंह 55 हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं। इस सीट पर एनडीए प्रत्याशी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा दूसरे जबकि निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह तीसरे स्थान पर हैं।

हाजीपुर से लोजपा–रामविलास के चिराग पासवान राजद के शिवचंद्र राम से 82 हजार मतों से आगे चल रहे हैं।

पश्चिम चंपारण से भाजपा के डॉ0 संजय जायसवाल कांग्रेस मदन मोहन तिवारी 80 हजार से अधिक वोटों से आगे चल रहे हैं।

पूर्वी चंपारण से भाजपा के राधामोहन सिंह 43 हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं। यहां विकासशील इंसान पार्टी के राजेश कुमार दूसरे स्थान पर हैं।

शिवहर से जदयू की लवली आनंद आगे चल रही हैं। वे राजद की रितु जायसवाल पर 31 हजार मतों से बढ़त बनाये हुयी हैं।

सीतामढ़ी से जदयू के देवेशचंद्र ठाकुर राजद के अर्जुन राय पर 32 हजार से अधिक वोटों की बढ़त बना चुके हैं।

किशनगंज से कांग्रेस के मो. जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम से 6 हजार. मतों से आगे हैं। एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान तीसरे स्थान पर चल रहे हैं।

कटिहार से जदयू के दुलालचंद गोस्वामी, कांग्रेस के तारिक अनवर से लगभग 40 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं।

पूर्णियां से जदयू के संतोष कुमार 11 हजार से अधिक मतों से अपने निकटतमत प्रतिद्वंद्वी पप्पू यादव से आगे चल रहे हैं।

सीवान से जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, निर्दलीय उम्मीदवार हिना शहाब से 14 हजार से अधिक वोटों से आगे चल रही हैं। इस सीट पर राजद के अवध बिहारी चौधरी तीसरे स्थान पर है।

जहानाबाद में राजद के सुरेन्द्र प्रसाद यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वीयों से आगे चल रहे हैं। वे 69 हजार मतों से आगे हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।